# Daily Current Affairs 02/04/2021

## 1. IIM जम्मू में 'आनंदम: द सेंटर फॉर हैप्पीनैस'




- केंद्रीय शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल ने भारतीय प्रबंधन संस्थान (IIM) जम्मू में **'आनंदम: द सेंटर फॉर हैप्पीनैस'** का उद्घाटन किया।
- लेफ्टिनेंट गवर्नर, जम्मू और कश्मीर, श्री मनोज सिन्हा; संस्थापक, आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन, श्री श्री रविशंकर इस अवसर पर उपस्थित थे।
- यह 2021 तक हमारी शिक्षा व्यवस्था में पूरी तरह बदलाव लाने के लक्ष्य को प्राप्त करने में हमारी **राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020** के साथ सामंजस्य रखता है।
- **'आनंदम: द सेंटर फॉर हैप्पीनैस'** पांच व्यापक श्रेणियों, अर्थात्, काउंसलिंग, समग्र कल्याण, आनंद के विकास, अनुसंधान और नेतृत्व तथा विषय संबंधी विकास जैसे कुछ चुनिंदा पाठ्यक्रम में विभाजित किया जाएगा।

## 2. भारत ने G7, अतिथि देशों की दूसरी शेरपाओं की बैठक में भाग लिया




- G7 और अतिथि देशों के शेरपाओं की दूसरी बैठक 30 मार्च, 2021 को आयोजित की गयी।

Gradeup UP State Exams Super Subscription | Access to all Structured Courses & Test Series | ENROL NOW

- भारत के प्रतिनिधि (शेरपा) के रूप में सुरेश प्रभु बैठक में शामिल हुए।
- UK के G7 प्रेसीडेंसी एजेंडे के तहत प्राथमिकता के मुद्दों पर चर्चा की गई, जिसमें COP26 शिखर सम्मेलन और वैश्विक स्वास्थ्य सहयोग की तैयारी शामिल है।
- **नोट:** यूनाइटेड किंगडम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण कोरिया और दक्षिण अफ्रीका के साथ-साथ G7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है।
- G7 शिखर सम्मेलन 11 से 13 जून, 2021 को आयोजित होगा।
- **G7 के बारे में तथ्य:** सदस्य राज्यों की सरकार के प्रमुखों और साथ ही यूरोपीय संघ के प्रतिनिधि वार्षिक G7 शिखर सम्मेलन में भाग लेते हैं।

  **स्थापना:** 1975

  **सदस्य:** यूनाइटेड किंगडम, यूनाइटेड स्टेट्स, जापान, फ्रांस, जर्मनी, कनाडा, इटली

**3. आयुष मंत्रालय ने विनोबा सेवा प्रतिष्ठान के तत्वावधान में 'आयुर्वेद पर्व' का आयोजन किया**




- विनोबा सेवा प्रतिष्ठान (VSP) ने जीवनशैली से संबद्ध रोगों के उपचार के लिए आयुर्वेद को मुख्यधारा की पद्धति के तौर पर बढ़ावा देने के लिए आयुष मंत्रालय के तत्वावधान में 26 से 28 मार्च 2021 तक भुवनेश्वर में तीन दिवसीय "आयुर्वेद पर्व" का सफलतापूर्वक आयोजन किया।
- इस तीन दिवसीय कार्यक्रम का उद्घाटन पद्म विभूषण डॉ रघुनाथ महापात्रा, सदस्य राज्यसभा, श्री नाबा किशोर दास, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री, ओडिशा सरकार और श्री त्रिलोचन माझी, निदेशक आयुष, ओडिसा सरकार ने किया।
- इस कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विशेषज्ञों और शोध कर्ताओं ने लगभग 25 शोध पत्र प्रस्तुत किए।

**4. सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने पुराने वाहन के स्क्रैप के संबंध में मोटर वाहन कर में रियायत के मसौदा नियमों को प्रकाशित किया**

Gradeup UP State Exams Super Subscription | Access to all Structured Courses & Test Series
ENROL NOW



- मसौदा नियमों के तहत, लोगों को वाहन स्क्रैप सर्टिफिकेट के साथ व्यक्तिगत वाहनों की खरीद पर 25 प्रतिशत तक रियायत मिलेगी जबकि कर राहत 15 प्रतिशत होगी।
- व्यक्तिगत वाहनों में, कर रियायतें 8 साल तक ली जा सकती है, जबकि वाणिज्यिक वाहनों के लिए यह अवधि 15 वर्ष तक होगी।
- नियम 01 अक्टूबर, 2021 से लागू होना प्रस्तावित है।
- **नोट:** हाल ही में, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री, श्री नितिन गडकरी ने **"वाहन स्क्रैपिंग नीति"** की घोषणा की थी।

**5. डॉ हर्षवर्धन ने DSIR-PRISM योजना के प्रचार के लिए संरेखण और जागरूकता कार्यक्रम का उदघाटन किया**




- केन्द्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पृथ्वी विज्ञान और स्वस्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ हर्षवर्धन ने **विज्ञान एवं औद्योगिक अनुसंधान विभाग-व्यक्तिगत नवाचार, स्टार्ट-अप्स और MSMEs को प्रोत्साहन** (**DSIR-PRISM**) योजना के प्रचार के लिए संरेखण और जागरूकता कार्यक्रम हेतु IIT दिल्ली में उद्घाटन किया।
- DSIR-PRISM द्वारा शुरू किया गया नवाचार अभियान तीन राष्ट्रीय पहल उन्नत भारत अभियान, स्मार्ट इंडिया हैकथोन और ग्रामीण प्रौद्योगिकी कार्य बल के साथ तालमेल बनाना अद्वितीय है।
- **नोट:** इस पहल के अंतर्गत DSIR-PRISM द्वारा नवाचार के उद्यम में लगे छात्र, पेशेवर या आम भारतीय नागरिक को तकनीकि, रणनीतिक और वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाती है।

Gradeup UP State Exams Super Subscription | Access to all Structured Courses & Test Series | ENROL NOW

- हाल ही में, डॉ हर्षवर्धन ने "**विश्व टीकाकरण और लॉजिस्टिक सम्मेलन**" में एशिया भर में टीके के उत्पादन और वितरण पर एक पैनल चर्चा में डिजिटल रूप से भाग लिया।

## 6. अटल इनोवेशन मिशन ने BMGF और वेंचर सेंटर के साथ साझेदारी से 'AIM-PRIME' कार्यक्रम का शुभारंभ किया




- अटल इन्नोवेशन मिशन (AIM), NITI आयोग ने **AIM-PRIME (प्रोग्राम फॉर रिसर्चर्स ऑन इनोवेशन, मार्केट-रेडीनेस एंड एंटरप्रेन्योरशिप)** का शुभारंभ किया जो पूरे भारत में विज्ञान-आधारित गहन तकनीक स्टार्टअप और उद्यम का समर्थन करने और बढ़ावा देने के लिए एक पहल है।
- इस संबंध में AIM ने **बिल एंड मिलिंडा गेट्स फाउंडेशन** (BMGF) के साथ हाथ मिलाया है, ताकि राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम शुरू किया जा सके जिसका क्रियान्वयन **वेंचर सेंटर** द्वारा किया जाएगा, जो एक गैर मुनाफे वाली टेक्नोलॉजी बिजनेस इनक्यूबेटर है।
- इस कार्यक्रम का सबसे पहले लाभ विज्ञान आधारित ठोस टेक बिजनेस आईडिया के साथ तकनीति विकसित करने वालों (टेक स्टार्ट अप/ वैज्ञानिक/ अभियंता और क्लीनीशियन) को मिलेगा।
- **अटल इनोवेशन मिशन (AIM) के बारे में:** यह देश में नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए NITI आयोग द्वारा स्थापित एक प्रमुख पहल है और 2016 में शुरू किया गया था।

## 7. जापान में मैटिरियल अनुसन्धान के लिए भारतीय बीमलाइन परियोजना का तीसरा चरण प्रारम्भ

Gradeup UP State Exams Super Subscription
Access to all Structured Courses & Test Series
ENROL NOW



- मैटिरियल अनुसन्धान के लिए भारत-जापान वैज्ञानिक एवं तकनीकी सहयोग के तत्वावधान में स्थापित भारतीय बीमलाइन का तीसरा चरण 23 मार्च, 2021 को शुरू हुआ। यह चरण औद्योगिक अनुप्रयोग अनुसन्धान पर केन्द्रित होगा।
- इस चरण में मैटिरियल रिसर्च में आधुनिकतम एक्स-रे प्रविधियों में प्रशिक्षण देने के लिए भारत से जाने वाले युवा शोधार्थियों की संख्या बढ़ाई जाएगी।
- **भारतीय बीमलाइन के बारे में:** भारतीय बीमलाइन का निर्माण और अनुरक्षण **साहा इंस्टीटयूट ऑफ़ न्यूक्लियर फिजिक्स** (SINP), कोलकाता और जवाहरलाल नेहरू सेंटर फॉर एडवांस साइंटिफिक रिसर्च (JNCASR), बैंगलोर ने विज्ञानं एवं प्रौद्योगिकी विभाग के नैनो मिशन के सहयोग से जापान के हाई इनर्जी ऐसिलिरेटर रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन (KEK) की सिन्क्रोत्रोन लाईट सोर्स फोटोन फैक्ट्री (PF) में किया है।

**8. उत्तर प्रदेश सरकार शहरी प्रवासियों और गरीबों के लिए किफायती किराये के आवास प्रदान करने की योजना को मंजूरी दी**



- उत्तर प्रदेश सरकार शहरों में रहने वाले गरीब लोगों के लिए **सस्ती किराये के आवास और परिसर (ARHC) योजना** को शुरू करेगी और इस आशय के एक प्रस्ताव को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में राज्य कैबिनेट द्वारा अनुमोदित किया गया था।

Gradeup UP State Exams Super Subscription | Access to all Structured Courses & Test Series ENROL NOW

- **ARHC योजना के बारे में:** इसे भारत सरकार ने आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के माध्यम से 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान के तहत लॉन्च किया गया है।
- **नोट:** इस योजना को राज्य में **दो मॉडलों** के तहत लागू किया जाएगा।
- **मॉडल एक** में केंद्र या राज्य सरकार द्वारा वित्तपोषित खाली मकानों को एक समझौते के माध्यम से ARHC में बदलना शामिल है।
- **दूसरे मॉडल** के तहत, ARHC का निर्माण, संचालन और रखरखाव सार्वजनिक / निजी संस्थाओं द्वारा अपनी उपलब्ध खाली जमीन पर किया जाएगा।


## 9. सूरत और दीव के बीच अपनी तरह की पहली क्रूज सेवा प्रारम्भ हई



- पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री मनसुख मंडाविया ने सूरत के हज़ीरा बंदरगाह से दीव के लिए क्रूज सेवा को झंडी दिखाकर रवाना किया।
- 2014 से पहले, भारतीय बंदरगाहों पर केवल 139 क्रूज़ सेवा ही संचालित होती थी, लेकिन आज देश में 450 क्रूज़ सेवा हैं।
- 2014 से पहले क्रूज़ सेवा द्वारा यात्रा करने वाले पर्यटकों की संख्या एक लाख थी और 2019-20 में इन पर्यटकों की संख्या बढकर 4.5 लाख हो गई।
- **नोट:** भारतीय समुद्र तट पर क्रूज पर्यटन उद्योग के लिए एक बड़ी क्षमता है और भारत के पश्चिमी तट (मुंबई, गोवा, कोच्चि) और पूर्वी तट (विशाखापट्टनम, कोलकाता, चेन्नई) दोनों पर 6 अंतर्राष्ट्रीय क्रूज टर्मिनलों को स्थापित करने की योजना बनाई जा रही है।

## 10. रजनीकांत को 51वें दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा

Gradeup UP State Exams Super Subscription | Access to all Structured Courses & Test Series | ENROL NOW



- केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री श्री प्रकाश जावड़ेकर ने 51वें दादा साहेब फाल्के पुरस्कार के नाम की घोषणा की।
- वर्ष 2019 का पुरस्कार दिग्गज अभिनेता श्री रजनीकांत को दिया जाएगा।
- इसे 3 मई को राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों के साथ प्रस्तुत किया जाएगा।
- **नोट:** अपूर्वा रागंगल (1975) में पदार्पण, **रजनीकांत** एक भारतीय अभिनेता हैं जो मुख्य रूप से तमिल सिनेमा में काम करते हैं। उन्हें भारत सरकार द्वारा पद्म विभूषण (2016) से भी सम्मानित किया गया था।
- **दादा साहब फाल्के पुरस्कार के बारे में तथ्य:**
  **पहला विजेता:** देविका रानी
  **सबसे हाल का विजेता:** अमिताभ बच्चन (2018)
  **स्थापना:** 1969
  **श्रेणी:** राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार

gradeup

## 11. F1 बहरीन ग्रैंड प्रिक्स 2021




- **ब्रिटिश लुईस हैमिल्टन (मर्सिडीज)** ने बहरीन इंटरनेशनल सर्किट, सखिर, बहरीन में आयोजित F1 बहरीन ग्रैंड प्रिक्स 2021 जीता।
- मैक्स वेरस्टैपेन (रेड बुल) को दूसरा और वाल्टेरी बोटास (मर्सिडीज) को तीसरा स्थान मिला।

Gradeup UP State Exams Super Subscription | Access to all Structured Courses & Test Series | ENROL NOW

- **नोट:** यह हैमिल्टन का 96वां करियर की फॉर्मूला 1 जीत थी।

## 12. 2 अप्रैल, विश्व ऑटिज़्म जागरूकता दिवस




- **संयुक्त राष्ट्र महासभा** ने सर्वसम्मति से 2 अप्रैल को विश्व ऑटिज़्म जागरूकता दिवस के रूप में घोषित किया ताकि ऑटिज़्म लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने में मदद करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला जा सके।
- विश्व ऑटिज़्म जागरूकता दिवस, 1 नवंबर 2007 को परिषद में पारित किया गया, और 18 दिसंबर 2007 को अपनाया गया।
- **ऑटिज़्म के बारे में:** ऑटिज़्म, जिसे ऑटिज़्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर (ASD) भी कहा जाता है, एक जटिल स्थिति है जिसमें संचार और व्यवहार की समस्याएं शामिल हैं।

gradeup

Gradeup UP State Exams Super Subscription | Access to all Structured Courses & Test Series | ENROL NOW